बिहार लोक सेवा आयोग
64वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-2)
प्रैक्टिस पेपर-II

अनुदेश:

- उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

खंड-I

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 300**

1. "लोकतंत्र में संस्थानों की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करना, सरकार द्वारा युद्ध के मैदान में अपने कवच को सिर्फ इस आधार पर हटाने जैसा है, क्योंकि यह थोड़ा तंग और असुविधाजनक है।" हाल ही में सी.बी.आई., चुनाव आयोग तथा आर.बी.आई की स्वायत्तता से संबंधित मुद्दे उठने के संदर्भ उपर्युक्त कथन में छिपे निहितार्थों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।
2. हाल ही में उच्चतम न्यायालय में एक रक्षा मामले की सुनवाई के संदर्भ में 'सरकारी गोपनीयता कानून' अत्यंत चर्चा में रहा। आखिर यह 'सरकारी गोपनीयता कानून,' क्या है? क्या यह कानून लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है? स्पष्ट करें।
3. बिहार के विशेष संदर्भ संहित भारतीय राजनीति में जाति व धर्म की भूमिका का परीक्षण कीजिये।
4. भारतीय संघात्मक व्यवस्था में केंद्र तथा राज्यों के मध्य तनाव के क्षेत्रों का विश्लेषण कीजिये। वर्तमान समय में केंद्र सरकार तथा बिहार राज्य के मध्य संबंधों का वर्णन कीजिये।
5. "औपचारिक प्रमुख होने के बावजूद भी राज्य स्तरीय शासन प्रणाली में राज्यपाल की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।" बिहार के विशेष संदर्भ में इस कथन को स्पष्ट कीजिये।

खंड-II

6. भारत में जनांकिकीय लाभांश तब तक सैद्धांतिक ही बना रहेगा, जब तक हमारी जनशक्ति अधिक शिक्षित, जागरूक और सृजनशील नहीं हो जाती। इस संबंध में हमारी जनसंख्या को अधिक उत्पादनशील व रोज़गार योग्य बनाने के लिये भारत सरकार व बिहार सरकार के प्रयासों की चर्चा कीजिये।
7. कृषि को एक सफल उद्यम के रूप में स्थापित होने के लिये ज़रूरी है कि इसके सभी अवयवों का उचित समन्वय हो। वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने हेतु कृषि समन्वय की प्रक्रिया के तहत सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों को बताइये।
8. बिहार में वर्तमान सिंचाई व्यवस्था का वर्णन करते हुए जल प्रबंधन की आवश्यकता पर प्रकाश डालिये।
9. क्षेत्रीय विकास से आप क्या समझते हैं? बिहार के आर्थिक विकास में क्षेत्रीय नियोजन कहाँ तक सफल रहा है? विवेचना कीजिये।

खण्ड-III

10. सुपरबग क्या है? इसका निर्माण किन कारकों से होता है? इसके प्रसार को रोकने के लिये उपाय सुझाइये।
11. परंपरागत ऊर्जा की कठिनाइयों को कम करने के लिये भारत की 'हरित ऊर्जा पट्टी' पर टिप्पणी कीजिये। इसक संदर्भ में बिहार सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?
12. विगत दिनों में चर्चा में रही ब्लॉकचेन तकनीकी का विस्तृत परिचय दीजिये तथा इसके अनुप्रयोग की उदाहरण सहित विवेचना कीजिये।
13. डिजिटलाइज्ड दुनिया में बढ़ते हुए साइबर अपराधों के कारण डाटा सुरक्षा का महत्त्व बढ़ गया है। आपके विचार में साइबर स्पेस में निजी डाटा की सुरक्षा से संबंधित खामियाँ क्या-क्या हैं? साथ ही डाटा सुरक्षा से संबंधित बी.एन. श्रीकृष्ण समिति रिपोर्ट के मुख्य तथ्यों को भी बताएँ।